संख्या- 24/2024/182 /छप्पन-2024-68/2017

प्रेषक,

आनन्द कौशिक,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन उ0प्र0,
लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ, दिनांक: 20 फरवरी, 2024

विषय: रीजनल कनैक्टिविटी स्कीम अन्तर्गत संचालित वायु सेवा के लिए वायबिलिटी गैप फण्डिंग (क्लेम सं0- 47) के भुगतान हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 320/आर0सी0एस0-2024-वी-1/2018 दिनांक 29 जनवरी, 2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित सारणी के अनुसार वायु सेवा के संचालन के लिए एम0ओ0यू0 के प्रविधानों के अनुरूप वी0जी0एफ0 क्लेम सं0- 47 के अन्तर्गत आर0सी0एस0 रूटों हेतु राज्यांश की कुल धनराशि 5,59,55,938/- (रु0 5,49,40,168+10,15,770/-) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने का अनुरोध किया गया है:-

क्लेम संख्या- 47

क्र.सं.	आर0सी0एस0 रूट	एयरलाइन्स का नाम	अवधि/माह	कुल वी0जी0एफ0 क्लेम की धनराशि (रू0)
1.	भोपाल-प्रयागराज-भोपाल	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	फरवरी, 2023	84,38,368/-
2.	भुवनेश्वर-प्रयागराज-भुवनेश्वर	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	फरवरी, 2023	1,72,05,888/-
3.	गोरखपुर-प्रयागराज-गोरखपुर	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	फरवरी, 2023	1,06,10,712/-
4.	देहरादून-प्रयागराज-देहरादून	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	फरवरी, 2023	1,63,06,640/-
5.	आगरा-लखनऊ-आगरा	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	फरवरी, 2023	47,15,872/-
6.	आगरा-बैंगलोर-आगरा	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	फरवरी, 2023	1,11,88,480/-
7.	भोपाल-प्रयागराज-भोपाल	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मार्च,2023	9,493,164/-
8.	भुवनेश्वर-प्रयागराज-भुवनेश्वर	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मार्च,2023	19,049,376/-
9.	गोरखपुर-प्रयागराज-गोरखपुर	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मार्च,2023	10,231,758/-
10.	देहरादून-प्रयागराज-देहरादून	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मार्च,2023	16,306,640/-
11.	आगरा-लखनऊ-आगरा	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मार्च,2023	5,305,356/-
12.	आगरा-बैंगलोर-आगरा	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मार्च,2023	12,587,040/-
13.	बरेली-दिल्ली-बरेली	एलाइन्स एयर एविएशन लि0	मई, 2023	50,97,750/-
14.	गोरखपुर-प्रयागराज-गोरखपुर	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	अप्रैल, 2023	3,775,480/-
15.	भोपाल-प्रयागराज-भोपाल	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	अप्रैल, 2023	8,929,284/-
16.	आगरा-बैंगलोर-आगरा	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	अप्रैल,2023	11,773,520/-
17.	आगरा-लखनऊ-आगरा	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	अप्रैल, 2023	4,969,100/-
18.	देहरादून-प्रयागराज-देहरादून	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	अप्रैल, 2023	16,807,472/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

19.	भोपाल-प्रयागराज-भोपाल	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मई,2023	9,191,910/-
20.	भुवनेश्वर-प्रयागराज-भुवनेश्वर	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मई,2023	18,962,204/-
21.	आगरा-लखनऊ-आगरा	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मई,2023	5,261,400/-
22.	आगरा-बैंगलोर-आगरा	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मई,2023	12,466,080/-
23.	भुवनेश्वर-प्रयागराज-भुवनेश्वर	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मई,2023	18,350,520/-
24.	देहरादून-प्रयागराज-देहरादून	इण्टरग्लोब एविएशन लि0	मई,2023	17,676,824/-
			कुल वी0जी0एफ0 की धनराशि	**27,47,00,838/-**
			कुल वी0जी0एफ0 का 20 प्रतिशत (राज्यांश) (A)	**5,49,40,168/-**
1.	प्रयागराज-बिलासपुर-प्रयागराज	एलाइन्स एयर एविएशन लि0	मई,2023	5756030/-
2.	प्रयागराज-बिलासपुर-प्रयागराज	एलाइन्स एयर एविएशन लि0	जून,2023	4401670/-
			कुल वी0जी0एफ0 की धनराशि	**1,01,57,700/-**
			कुल वी0जी0एफ0 का 10 प्रतिशत (राज्यांश) (B)	**10,15,770/-**
			कुल राज्यांश (A+B)	**5,59,55,938/-**

2- भारत सरकार की क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 29 दिसम्बर, 2016 को भारत सरकार, राज्य सरकार एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य निष्पादित एम0ओ0यू0 के प्रस्तर- 4.2.2(e) के प्राविधान के अनुसार क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना के अन्तर्गत वायबिलिटी गैप फण्डिंग (वी0जी0एफ0) के 20% अंश का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाना है तथा वी0जी0एफ0 क्लेम 10% भुगतान के सम्बन्ध में रीजनल एयर कनेक्टिविटी फण्ड ट्रस्ट, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि "In this regard, it is intimated that the two RCS Airports connected by route Prayagraj-Bilaspur-Prayagraj are falling under two different State, therefore, VGF share of 20% has been divided equally between the two States on equilibrium basis. It is, therefore, requested to reimburse the VGF share claim of 10% at the earliest."

3- प्रस्तर-1 में अंकित तालिका के विवरण के अनुरूप विभिन्न रूटों में उल्लिखित मार्गों हेतु कुल वी0जी0एफ0 (क्लेम-47) की धनराशि रु0 27,47,00,838/- (जिसमें सम्मिलित कुल वी0जी0एफ0 का 20 प्रतिशत धनराशि रु0 5,49,40,168/- एवं कुल वी0जी0एफ0 का 10 प्रतिशत धनराशि रू0 10,15,770/-) अर्थात कुल रु0 5,59,55,938/- (रु0 5,49,40,168+10,15,770/-) की स्वीकृत निर्गत की जानी है। उक्त धनराशि क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना हेतु कार्यान्वयन संस्था भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा गठित रीजनल एयर कनेक्टिविटी फण्ड ट्रस्ट के माध्यम से सम्बन्धित एयरलाइन कम्पनी को भुगतान की जानी है।

4- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम अन्तर्गत संचालित वायुसेवा के लिए वायबिलिटी गैप फण्डिंग (क्लेम-47) के भुगतान हेतु एम0ओ0यू0 के प्राविधानों के अनुसार कुल वी0जी0एफ0 क्लेम के सापेक्ष राज्यांश के भुगतान हेतु रु0 5,59,55,938/- (रूपए पांच करोड़ उनसठ लाख पचपन हजार नौ सौ अड़तीस मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ रु0 5,59,55,938/- व्यय हेतु अवमुक्त किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

I. निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

II. उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण एवं व्यय से संबंधित पक्षों द्वारा वित्तीय नियमों/ आदेशों/ प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

III. धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा।

IV. धनराशि व्यय किये जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक), अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 17 मार्च, 2023 द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

V. आहरित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

VI. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जाएगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

VII. निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं हैं तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/ स्रोत से धनराशि स्वीकृति नहीं की गई है।

5- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुदान संख्या-38 के राजस्व लेखा-लेखाशीर्षक "3053-नागर विमानन-01-हवाई सेवाएँ-800-अन्य व्यय-02-रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अन्तर्गत वायबिलिटी गैप फण्डिंग-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जाएगा।

6- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17 मार्च, 2023 में निहित व्यवस्था के अन्तर्गत निर्गत किए जा रहे हैं।

भवदीय,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव।

पृ0सं0: 24 /2024/182(1)/ छप्पन-2024-68/2017, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. उप महालेखाकार ई0एस0।।।, आडिट भवन, टी0सी0-35-वी-।, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10 ।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 ।
5. महाप्रबन्धक (एफ0 एण्ड ए0)-आर0सी0एस0, रीजनल एयर कनेक्टिविटी फण्ड ट्रस्ट, राजीव गाँधी भवन, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110003 ।
6. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in